Title: Need to tackle Naxalite problem in Jharkhand State.

प्रो. दुखा भगत (लोहरदगा) : महोदय, झारखण्ड राज्य में नक्सलवादियों की बढ़ती हुई गतिविधियों के कारण यहां की जनता सहमी और डरी हुई है और जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। झारखण्ड पहले से एक पिछड़ा राज्य है और उग्रवाद के चलते यहां के विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विश्व बैंक ने यहां के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। उग्रवाद और नक्सलवाद के चलते ये सारी योजनाएं ठप्प पड़ गई हैं। इन सबके कारण एक ओर जनता सुख और शान्ति के साथ जी नहीं पा रही है और दूसरी ओर सरकार भी अपनी योजनाएं ठीक प्रकार से नहीं चला पा रही है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि झारखंड सरकार को अतिरिक्त सुरक्षा बल दिये जाएं और झारखंड पुलिस को आधुनिक हथियारों से सुसज्जित किया जाए और उग्रवाद और नक्सलवाद के खिलाफ एक अभियान चलाया जाए जिसमें केन्द्र सरकार और झारखंड सरकार के बीच एक समन्वय भी हो।